## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 13.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर से आहूत करने का किया फैसला, हर जिले में स्टेम लैब और देवघर में फोर स्टार होटल बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी।।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य स्थापना दिवस पर राज्यव्यापी रक्तदान महाअभियान का किया शुभारंभ, राज्यवासियों से की रक्तदान करने की अपील।
3. दिल्ली ब्लास्ट के बाद राज्यभर में सुरक्षा जांच तेज, राजधानी रांची में एक कार से मिले 15 लाख रुपये, छानबीन में जुटी पुलिस।
4. राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड, तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी, तीन दिनों तक राहत की उम्मीद नहीं।
5. जेएससीए ने 30 नवंबर को रांची में होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए टिकट के मूल्य की घोषणा की, 12 सौ से 12 हजार तक के होंगे टिकट।

*************************

राज्य सरकार ने विधानसभा का शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर से बुलाने का फैसला किया है। सत्र 11 दिसंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट देवघर में एक फोर स्टार होटल के निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गयी। राज्य के सभी जिलों के एक–एक मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्टेम लैब की स्थापना करने पर भी सहमति बनी। राज्य सरकार ने देसी मांगुर मछली को झारखंड की राजकीय मछली घोषित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी।

*************************

कैबिनेट की बैठक के बाद अपनी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार राज्यवासियों की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड 25वें वर्ष में प्रवेश कर गया है, जो राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर झारखंड के निर्माण की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए युवाओं से राज्य के समग्र विकास में योगदान देने की अपील की।

*************************

विधानसभा का शीतकाली सत्र पांच दिवसीय होगा। पांच दिसंबर से शुरु होने वाले सत्र के पहले दिन सदन दिवंगत विभूतियों को याद करेगा। आठ दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2025–26 का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। नौ दिसंबर दूसरी पाली में अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद होगा। 10 और 11 दिसंबर को सदन में राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्प रखे जायेंगे। छह और सात दिसंबर को सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगी।

*************************

झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर पूरे राज्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। मुख्य कार्यक्रम 15 नवंबर को रांची में आयोजित होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करीब छह हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात राज्यवासियों को देंगे। इससे पहले कल उन्होंने राज्यव्यापी रक्तदान महाअभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 28 नवंबर तक चलेगा। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कोई नहीं है। उन्होंने सभी लोगों से रक्तदान करने की अपील की।

*************************

भारतीय जनता पार्टी 15 नवंबर को पूरे राज्य में जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाएगी। इस सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी समाज को सम्मान देने का काम किया है।

*************************

दिल्ली में पिछले दिनों हुए ब्लास्ट के बाद झारखंड में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस सिलसिले में राजधानी रांची में कल  46 स्थानों पर गहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रातू रोड इलाके से एक कार से पुलिस को 15 लाख रुपये मिले हैं। फिलहाल पुलिस पैसे की वैधता को लेकर जांच कर रही है और संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ जारी है।

*************************

रांची स्थित रिम्स के शासी परिषद की 63वीं बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में शामिल होने के बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रिम्स निदेशक और स्वास्थ्य मंत्री के बीच विवाद के कारण रिम्स की व्यवस्था दिन–प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

संजय सेठ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए स्वास्थ्य मंत्री  डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स में कोई विवाद नहीं है। हम बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

*************************

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति शिक्षण उत्थान कार्यक्रम की शुरुआत की गई है।

*************************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके साथ ही तापमान में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। छह जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे आ गया है। बुधवार को गुमला में सबसे कम 7 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग रांची ने 15 नवंबर तक तापमान में और गिरावट आने की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले तीन दिनों तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी।

*************************

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवंबर को आयोजित होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका पहले वनडे के लिए टिकट की दरों की घोषणा कर दी गई है। सबसे कम कीमत की टिकट 1200 रुपये की है, जबकि टिकट के अधिकतम मूल्य 12000 रुपये हैं।  जेएससीए ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले पहले वनडे मुकाबले के लिए जेएससीए सदस्यों को निशुल्क टिकट भी बांटे जाएंगे। जेएससीए के सचिव सौरभ तिवारी ने बताया कि टिकटों की बिक्री 25 या 26 नवंबर से शुरु होगी। दर्शक टिकट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही माध्यमों से खरीद सकेंगे।

*************************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दिल्ली धमाके के आतंकी हमला होने की खबर को प्रमुखता दी है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी  है– एसआई वायरलेस व आईआरबी सिपाही की नियुक्ति नियमावली में संशोधन, पुरुषों को 1600 मीटर दौड़ छह मिनट में, महिलाओं को 10 मिनट में करनी होगी पूरी।
- हिन्दुस्तान ने लिखा है– शराब घोटाला मामले में प्लेसमेंट एजेंसी ने तीन निदेशकों से पूछताछ।
- प्रभात खबर के शब्द हैं– राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की 93वीं बैठक को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने किया संबोधित।

- दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– राज्य में औद्योगिक निवेश बढ़ाने को सरकार प्रतिबद्ध।

**************************